**सचिव, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक 16 जुलाई, 2018 को सम्पन्न राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की वित्त समिति की प्रथम बैठक का कार्यवृत्त।**

**उपस्थिति:**

1. श्री भुवनेश कुमार, आई0ए0एस0 — अध्यक्ष
   सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग
   उ0प्र0 शासन, लखनऊ

2. श्री केशव प्रसाद, — सदस्य
   उपसचिव, वित्त विभाग,
   उ0प्र0 शासन, लखनऊ

3. प्रो0 सुबोध वैरिया, — सदस्य
   प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग
   आई0ई0टी0, लखनऊ

4. प्रो0 नीलम श्रीवास्तव, — सदस्य
   निदेशक
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज

5. श्री राजेश कुमार — सदस्य-सचिव
   वित्त एवं लेखाधिकारी,
   राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज

सर्वप्रथम निदेशक, राजकीय इंजीनियिरंग कालेज, कन्नौज द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**01:01 वित्त समिति में सदस्यों के नामांकन की सूचना एवं अनुमोदन।**

राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के बाइलाज के सोसाइटी रूल्स के नियम- 25.1(डी) में निहित व्यवस्था के अनुरूप मा0 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद (मा0 मन्त्री, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश सरकार) द्वारा डा0 डी0के0 सिंह, प्रोफेसर, यान्त्रिक अभियंत्रण विभाग, एम0एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर तथा डा0 सुबोध वैरिया, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग, आई0ई0टी0, लखनऊ को दिनांक 19-06-2017 से आगामी दो वर्षो के लिए सदस्य, वित्त समिति, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज नामित किया गया है।

**समिति उक्त सचूना से अवगत हुई।**

**01:02 वित्तीय वर्ष 2017-18 का वास्तविक तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 का व्ययानुमान।**

वित्तीय वर्ष 2017-18 में किये गये वास्तविक व्यय रू0 **5,96,33,569.00** (रू0 **2,81,89,349.00** राजस्व व्यय एवं रू0 **3,14,44,220.00** पूंजीगत व्यय) तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रस्तुत व्ययानुमान रू0 **8,37,96,113.00** (रू0 **5,45,10,100.00** राजस्व व्यय एवं रू0 **2,92,86,013.00** पूंजीगत व्यय) समिति के समक्ष प्रस्तुत है जिसका विवरण निम्नवत है:

## राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज की राजस्व एवं पूंजीगत आय/व्यय का विवरणः-

| क. सं. | मद का विवरण | वर्ष 2016-17 की वास्तविक आय (धनराशि रू0 में) | वर्ष 2017-18 की वास्तविक आय (धनराशि रू0 में) | वर्ष 2018-19 की सम्भावित प्राप्तियां (धनराशि रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| | **राजस्व आय/व्यय** | | | |
| (अ) | **आयोजनेत्तर मद में शासन से प्राप्त धनराशि** | | | |
| | वेतन मद | 00 | 8,00,000.00 | 3,00,30,000.00 |
| | गैर वेतन मद | 00 | 00 | 1,00,00,000.00 |
| | **योग (अ)-** | **00** | **8,00,000.00** | **4,00,30,000.00** |
| (ब) | **संस्थान की आय** | | | |
| | शिक्षण शुल्क से प्राप्त धनराशि | 1,18,67,850.00 | 2,21,20,000.00 | 3,36,40,000.00 |
| | यूजर चार्जेज | 14,80,900.00 | 71,89,000.00 | 1,09,33,000.00 |
| | हास्टल शुल्क | 00 | 40,68,000.00 | 54,66,000.00 |
| | परीक्षा शुल्क | 19,17,500.00 | 35,94,500.00 | 48,00,000.00 |
| | **योग (ब)-** | **1,52,66,250.00** | **3,69,71,500.00** | **5,48,30,500.00** |
| (स) | **अन्य आय** | | | |
| | बैंक खाते के व्याज से आय | 2,00,540.00 | 12,69,762.00 | 15,00,000.00 |
| | लेट फी फाइन | 00 | 00 | 00 |
| | आवेदन पत्र/टेण्डर शुल्क से आय | 5300.00 | 18,50,000.00 | 5,00,000.00 |
| | गत वर्ष का अवशेष | 14,70,296.00 | 1,00,02,557.00 | 2,19,11,810.00 |
| | **योग (स)-** | **16,76,136.00** | **1,31,22,319.00** | **2,39,11,810.00** |
| | **कुल योग (अ+ब+स)-** | **1,69,42,386.00** | **5,00,93,819.00** | **7,87,42,310.00** |
| (द) | **वास्तविक व्यय** | | | |
| | वेतन भत्ते एवं एरियर पर व्यय | 4,71,503.00 | 73,24,497.00 | 2,27,40,100.00 |
| | अन्य मदों पर व्यय | 45,80,326.00 | 1,71,93,012.00 | 2,69,70,000.00 |
| | विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क व्यय | 18,88,000.00 | 36,64,500.00 | 48,00,000.00 |
| | **योग (द)-** | **69,39,829.00** | **2,81,82,009.00** | **5,45,10,100.00** |
| | **बचत-** | **1,00,02,557.00** | **2,19,11,810.00** | **2,42,32,210.00** |
| (क) | **पूंजीगत आय/व्यय** | | | |
| | लैबों की साज-सज्जा एवं सहवर्ती उपकरण | 3,06,60,000.00 | 3,30,00,000.00 | 2,00,00,000.00 |
| | गत वर्ष का अवशेष | 00.00 | 77,30,233.00 | 92,86,013.00 |
| | **योग (क)-** | **3,06,60,000.00** | **4,07,30,233.00** | **2,92,86,013.00** |
| (ख) | **वास्तविक व्यय** | | | |
| | लैबों की साज-सज्जा एवं सहवर्ती उपकरण | 2,29,31,767.00 | 3,14,44,220.00 | 2,92,86,013.00 |
| | शासन को समर्पित | 00 | 00 | 00 |
| | **योग (ख)-** | **2,29,31,767.00** | **3,14,44,220.00** | **2,92,86,013.00** |
| | **अवशेष** | **77,30,233.00** | **92,86,013.00** | - |

**नोट-:**

(1) वित्तीय वर्ष 2016-17 में शिक्षण शुल्क से प्राप्तियाँ कुल छात्र/छात्राएं 295 x 40230 = 1,18,67,850.00 यूजर चार्जेज से प्राप्तियां कुल छात्र/छात्राएं 295 x 5020 =14,80,900.00 एवं परीक्षा शुल्क से प्राप्तियाँ कुल छात्र/छात्राएं 295 x 6500 = 19,17,500.00

(2) वित्तीय वर्ष 2017-18 में शिक्षण शुल्क से प्राप्तियाँ कुल छात्र/छात्राएं 553 x 40000 = 2,21,20,000.00 यूजर चार्जेज से प्राप्तियां कुल छात्र/छात्राएं 553 x 13000 =7189000.00 हास्टल शुल्क से प्राप्तियां 339x 12000 = 40,68,000.00 एवं परीक्षा शुल्क से प्राप्तियाँ कुल छात्र/छात्राएं 553 x 6500 = 35,94,500.00

(3) वित्तीय वर्ष 2018-19 में सम्भावित शिक्षण शुल्क से प्राप्तियाँ कुल छात्र/छात्राएं 841 x 40000 = 3,36,40,000.00 यूजर चार्जेज से प्राप्तियां कुल छात्र/छात्राएं 841 x 13000 = 1,09,33,000.00 हास्टल शुल्क से प्राप्तियां 400x 12000 = 48,00,000.00 एवं परीक्षा शुल्क से प्राप्तियाँ कुल छात्र/छात्राएं 841 x 6500 = 54,66,500.00

## राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के तीन वित्तीय वर्षों का मदवार व्यय का विवरण-

| क्रम संख्या | | वर्ष 2016-17 का वास्तविक व्यय (धनराशि रू0 में) | वर्ष 2017-18 का वास्तविक व्यय (धनराशि रू0 में) | वर्ष 2018-19 का अनुमानित व्यय (धनराशि रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | राजस्व व्यय | | | |
| 1 | वेतन | 1,99,480.00 | 30,58,600.00 | 1,01,11,900.00 |
| 2 | मजदुरी | 1,33,417.00 | 61,10,235.00 | 1,26,00,000.00 |
| 3 | महंगाई भत्ता | 2,72,023.00 | 41,35,433.00 | 1,19,53,200.00 |
| 4 | यात्रा भत्ता | 27,875.00 | 53,987.00 | 2,00,000.00 |
| 5 | स्थानांतरण यात्रा भत्ता | 00 | 7,500.00 | 00 |
| 6 | अन्य भत्ते | 00 | 1,30,464.00 | 6,75,000.00 |
| 7 | मानदेय | 51,900.00 | 00 | 3,00,000.00 |
| 8 | कार्यालय व्यय | 3,94,204.00 | 6,78,203.00 | 10,00,000.00 |
| 9 | कान्फ्रेन्स/ सेमीनार/एफ0डी0पी0/वर्कशाप | 00 | 00 | 8,00,000.00 |
| 10 | विद्युत देय | 00 | 25,27,358.00 | 55,00,000.00 |
| 11 | लेखन सामग्री और फर्मो की छपाई | 49,109.00 | 32,934.00 | 2,00,000.00 |
| 12 | कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण | 00 | 6,26,794.00 | 10,00,000.00 |
| 13 | टेलीफोन पर व्यय | 00 | 00 | 1,00,000.00 |
| 14 | मोटर गाड़ियों का क्रय | 7,59,096.00 | 00 | 00.00 |
| 15 | कार/बस का किराया | 94,003.00 | 00 | 2,00,000.00 |
| 16 | गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि का व्यय | 23,116.00 | 1,60,104.00 | 3,00,000.00 |
| 17 | सम्प्रेक्षा व्यय | 00 | 15,000.00 | 70,000.00 |
| 18 | विधिक व्यय | 00 | 00.00 | 4,00,000.00 |
| 19 | परामर्शदात्री सेवा फीस/चयन समिति के वाह्य सदस्यों एवं विशेषज्ञों को मानदेय | 00 | 8,02,308.00 | 2,00,000.00 |
| 20 | किराया उपशुल्क और कर स्वामित्व | 00 | 00 | 00 |
| 21 | विज्ञापन, विक्री एवं विख्यापन व्यय | 2,58,856.00 | 17,00,236.00 | 7,00,000.00 |
| 22 | अतिथि व्यय/व्यय विख्यापन व्यय | 00 | 44,980.00 | 1,00,000.00 |
| 23 | अनुरक्षण | 00 | 18,700.00 | 2,00,000.00 |
| 24 | अतिथि शिक्षक पारिश्रमिक | 27,88,750.00 | 39,74,950.00 | 17,00,000.00 |
| 25 | खेल-कुद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यय | 00 | 1,43,951.00 | 3,00,000.00 |
| 26 | प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय | 00 | 00.00 | 2,00,000.00 |
| 27 | कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का व्यय | 00 | 1,33,740.00 | 3,00,000.00 |
| 28 | कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय | 00 | 1,69,372.00 | 3,00,000.00 |
| 29 | चिकित्सा व्यय | 00 | 00 | 3,00,000.00 |
| 30 | अन्य (विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क) | 18,88,000.00 | 36,64,500.00 | 48,00,000.00 |
| | **क्रम सं0 1 से 30 तक का योग-** | **69,39,829.00** | **2,81,89,349.00** | **5,45,10,100.00** |
| (ब) | पूंजीगत व्यय- | | | |
| 1 | लैबों की साज-सज्जा एवं अन्य सहवर्ती उपकरण | 2,29,31,767.00 | 3,14,44,220.00 | 2,92,86,013.00 |
| 2 | शासन को समर्पित | 00 | 00 | 00 |
| | **क्रम सं0 1 से 2 तक का योग** | **2,29,31,767.00** | **3,14,44,220.00** | **2,92,86,013.00** |
| | **महा योग (अ+ब)-** | **2,98,71,596.00** | **5,96,33,569.00** | **8,37,96,113.00** |

वित्तीय वर्ष 2017-18 में किये गये वास्तविक व्यय रू0 **5,96,33,569.00** (रू0 **2,81,89,349.00** राजस्व व्यय एवं रू0 **3,14,44,220.00** पूंजीगत व्यय) तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्रस्तुत व्ययानुमान रू0 **8,37,96,113.00** (रू0 **5,45,10,100.00** राजस्व व्यय एवं रू0 **2,92,86,013.00** पूंजीगत व्यय) समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**समिति द्वारा उक्त धनराशि से अवगत होते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

**पूंजीगत व्ययः-**

**लैबों की साज-सज्जा एवं अन्य सहवर्ती उपकरण**

संस्थान में संचालित कुल चार पाठ्यक्रमों के प्रयोगशालाओं, वर्कशाप, लैबों की साज-सज्जा, फर्नीचर एवं सहवर्ती उपकरणों के क्रय हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 में इस मद में रू0 3,30,00,000.00 प्राप्त हुआ है तथा गतवर्ष 2016-17 का अवशेष रू0 1,29,30,394.00 कुल धनराशि रू0 4,42,93,034.00 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2017-18 में रू0 3,14,44,220.00 का वास्तविक व्यय हुआ है। वित्तीय वर्ष 2018-19 में उक्त मद में रू0 2,92,86,013.00 व्यय का अनुमान है।

**समिति द्वारा उक्त धनराशि से अवगत होते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।**

<u>वृहद निर्माण कार्यः-</u>

इसके अनतर्गत विभिन्न शासनादेशों द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज के निर्माण के लिए रू0 5878.32 लाख अब तक (वित्तीय वर्ष 2017-18 तक) अवमुक्त/व्यय किया जा चुका है। कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम लि0 उ0प्र0 द्वारा शासन को प्रेषित संशोधित प्रस्ताव (रू0 11802.90 लाख) के अनुसार परियोजना का पूर्ण करने हेतु रू0 5924.58 लाख की और आवश्यकता होगी।

**समिति उक्त सूचनाओं से अवगत हुई।**

**पं0 दीन दयाल गुणत्ता सुधार परियोजना:-**

- इस परियोजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017-18 में रू0 80,77,329.00 इंटरनेट लिज लाईन कनेक्टीविटी हेतु बी0एस0एन0एल0 तथा ए0के0टी0यू0 के द्वारा 100 कम्प्यूटर रू0 58,76,870.00 में कय कर संस्थान को उपलब्ध कराया गया। परियोजनान्तर्गत संस्थान में 03 स्मार्ट क्लास रूमों की स्थापना के लिए रू0 34,19,994.00 एवं दो लॉग्वेज लैब हेतु रू0 52,26,781.00 व्यय हुआ है। इस प्रकार पं0 दीन दयाल उपाध्याय परियोजनान्तर्गत कुल धनराशि रू0 2,26,00,974.00 के व्यय की कार्यवाही सम्पन्न करा लिया गया है।

  समिति उक्त सूचना से अवगत हुई।

- वित्तीय वर्ष 2018-19 में परियोजनान्तर्गत संस्थान में श्रेणी-दो के 04 आवास एवं श्रेणी-तीन के 22 आवासों के निर्माण हेतु रू0 5,20,56,000.00 के प्रस्ताव पर समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम आगणन पर संस्थान की भवन निर्माण समिति से स्वीकृति प्राप्त कर लिया जाये। तत्पश्चात् सक्षम स्तर से (प्रशासकीय परिषद) से अनुमोदन प्राप्त कर गाइडलाइन्स में निहित प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये उक्त निर्माण की कार्यवाही सम्पन्न कराई जाये।

**01:03 आयोजनेत्तर मद के अन्तर्गत मार्च, 2018 तक के मदवार व्यय विवरण**

आयोजनेत्तर मद के अन्तर्गत मार्च 2018 तक मदवार निम्न व्यय विवरण समिति के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत प्रस्तुत किया गया:

| क्र सं0 | शासनादेश संख्या एवं दिनांक | मद का नाम | प्राप्त अनुदान | व्यय/आहरित धनराशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शा0सं0-252/सोलह/1-2013-14(38)/2012, दिनांक 01-10-2013 | टार.ई.सी. कन्नौज के भवन निर्माण | 58,78,32,000.00 | 58,78,32,000.00 | |
| 2 | शा0 सं0-12/2016/2441/सोलह/1-2016-9(बजट-4)/2016 दिनांक 28-06-2016 | लैबों के साज-सज्जा हेतु | 3,06,60,000.00 | 3,06,60,000.00 | |
| 3 | शा0 सं0-1452/सोलह/1-2017-9 (बजट-1)/2011, दिनांक 24-04-2017 | वेतन भत्तों के वहन हेतु | 8,00,000.00 | 8,00,000.00 | |
| 4 | शासनादेश सं0-10/2018/4732/सोलह/1-2017-9(बजट-4)/2016, दिनांक 15-02-2018 | लैबों के साज-सज्जा हेतु | 3,30,00,000.00 | 3,30,00,000.00 | |

**समिति उक्त सूचना से अवगत हुई।**

**01:04 राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज में आकस्मिक सेवा वाहन (एम्बुलेन्स) कय किये जाने हेतु प्रस्ताव।**

संस्थान में आकस्मिक मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 में आकस्मिक सेवा वाहन (एम्बुलेन्स) कय किये जाने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान नहीं किया गया। समिति द्वारा यह सुझाव दिया गया कि उक्त हेतु राज्य सरकार एवं भारत सरकार द्वारा संचालित आकस्मिक सेवा वाहन (एम्बुलेंस) सुविधा का लाभ लिया जाये तथा निकटतम मेडिकल संस्थान अथवा अस्पताल से संस्थान में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुबंध (एम0ओ0यू0) सम्पादित करा लिया जाये।

**01:05 एकेडमिक/इण्डस्ट्रीयलिस्ट एक्सपर्ट एवं संस्थान के विभिन्न समितियों के वाह्य सदस्यों को मानदेय की धनराशि निर्धारित किये जाने हेतु प्रस्ताव।**

संस्थान में समय-समय पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय एवं अतर्राष्ट्रीय स्तर के वर्कशाप/गोष्ठियों में प्रतिभाग करने वाले विषय विशेषज्ञो तथा संस्थान के विभिन्न समितियों के वाह्य सदस्यों (नान आफीसियल सदस्यों) को पूर्व अनुमोदित मानदेय धनराशि रू0 1000.00 से बढ़ा कर रू0 3000.00 निर्धारित किये जाने के प्रस्ताव पर समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम इसका परीक्षण करा लिया जाये कि किस स्तर पूर्व में मानदेय धनराशि निर्धारित किया गया था एवं वर्तमान में बढ़ाये जाने का क्या औचित्य है?

परीक्षणोंपरान्त पूर्व निर्धारित मनदेय धनराशि रू0 1000.00 में बढ़तोरी किये जाने हेतु औचित्यपूर्ण प्रस्ताव पर सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त कर ही लागू किया जाये।

01:06 **अन्य प्रकरण अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

वित्तीय वर्ष 2018-19 में दिनांक 01-04-2018 से अद्यावधिक तक कुल रू0 1,76,58,563.00 विभिन्न मदों में व्यय किया गया।

| कम सं0 | विवरण | व्यय धनराशि रू0 में |
|---|---|---|
| 1 | वेतन | 34,18,362.00 |
| 2 | महंगाई भत्ता | 47,72,620.00 |
| 3 | अन्य भत्ते | 2,45,015.00 |
| 4 | मजदूरी | 20,48,439.00 |
| 5 | कान्फ्रेन्स/सेमिनार/एफ0डी0पी0/वर्कशाप | 10,000.00 |
| 6 | कार्यालय व्यय | 4,81,661.00 |
| 7 | विद्युत देय | 11,83,870.00 |
| 8 | खेल-कुद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम व्यय | 50,585.00 |
| 9 | गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि व्यय | 34,460.00 |
| 10 | कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण | 2,53,680.00 |
| 11 | अतिथि शिक्षक पारिश्रमिक | 3,59,700.00 |
| 12 | लैब साज-सज्जा एवं सहवर्ती उपकरण | 48,00,171.00 |
| | **योग** | **1,76,58,563.00** |

**समिति द्वारा उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए व्यय की गई धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया।**

- संस्थान में पूर्व वर्षो की बचत धनराशि के संबंध में यह निर्णय लिया गया कि उकत धनराशि की एफ0डी0 करा लिया जाये ताकि संस्थान को अधिक व्याज का लाभ मिल सके।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

**(राजेश कुमार)**
वित्त एवं लेखाधिकारी/ सदस्य सचिव
रा0 ई0 कालेज, कन्नौज

**(प्रो0 नीलम श्रीवास्तव)**
निदेशक एवं सदस्य
रा0 ई0 कालेज, कन्नौज

23.07.18
**(भुवनेश कुमार)**
सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन एवं
अध्यक्ष, वित्त समिति
राजकीय इंजीनियिरंग कालेज, कन्नौज